हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

04 दिव्यांगजनों के सम्मान, अधिकार और स्वावलंबन के लिए भाजपा...



07 अशोकनगर जिले में 280 पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर गए



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

कन्या महाविद्यालय में वाद-विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



गुना। शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में वाद-विवाद और डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय शिक्षा में एआई की भूमिका और डिजिटल पोस्टर मेकिंग का विषय 2047 में शिक्षा की परिकल्पना रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. प्रीति यादव, डॉ. पूनम पारीक एवं डॉ. माधवी सालुंके शामिल रहीं। वाद-विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में श्रेया रावत ने प्रथम, नंदिनी धौलपुरिया ने द्वितीय और परी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विपक्ष में राशिका अहिरवार प्रथम, उन्नति प्रजापति द्वितीय और निकिता कुशवाह तृतीय स्थान पर रहीं। डिजिटल पोस्टर मेकिंग में आरती लोधा ने प्रथम, निकिता कुशवाह ने द्वितीय तथा लता कुशवाह ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के निर्देशन तथा एनईपी एवं साहित्यिक समिति की नोडल अधिकारी विधि जैन के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन विधि जैन ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ. आशा शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. दिवाकर तिवारी, के.के. नंदा, आशा बाथम, जावेद अली, मिथुन धाकड़ और छात्राएं उपस्थित रहीं।

गुना में पहली बार होगी राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स प्रतियोगिता



गुना। खेल प्रेमियों के लिए एक बेहद उत्साहजनक और ऐतिहासिक खबर है। गुना शहर पहली बार मास्टर गेम्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। मास्टर गेम संगठन जिला गुना द्वारा आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से 5 और 6 दिसंबर को 8वीं राज्य स्तरीय मास्टर स्टेट गेम्स प्रतियोगिता का आयोजन तय किया गया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्य प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मास्टर गेम संगठन के सचिव अमानत खान ने की। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के बाद पदाधिकारियों ने खेल मैदानों का जायजा लिया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।मास्टर गेम के सचिव ने बताया कि इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में 30 वर्ष से लेकर 90 वर्ष तक के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। गुना के खेल इतिहास में इस प्रकार का आयोजन पहली बार होने जा रहा है, जो स्थानीय युवाओं और वरिष्ठ एथलीट्स दोनों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।इस महत्वपूर्ण बैठक में के.बी. तिवारी, अब्दुल नईम खान, सुरेंद्र सिंह परिहार व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

आत्मा अंतर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन 21 अक्टूबर तक

गुना। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु जिले के वैज्ञानिक पद्धति से कृषि, प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, कृषि अभियांत्रिकी क्षेत्र में अपनाई गई उन्नत तकनीक, नवाचार, तकनीक का विस्तार फसल उपज एवं उत्पादकता के आधार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों क पुरस्कृत किया जाना है। विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरूस्कार (25 कृषि एव संबद्ध क्षेत्र) राशि 10000 रु. प्रति पुरस्कार, जिला स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार (10 कृषक कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र) राशि 25000 रु. प्रति पुरस्कार प्रदाय किय जायेगें। किसान भाई पुरस्कार हेतु आवेदन कृषि विभाग के विकासखण्ड के बी.टी.एम आत्मा/वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालयों से प्राप्त कर सकते है। पुरस्कार हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन भरकर संपूर्ण विवरण सहित 21 अक्टूबर 2026 अंतिम तिथि तक कृषि विभाग के विकासखण्ड कार्यालयों में जमा करवा सकते हैं।

100 वनकर्मी और 35 पुलिस जवान रहे तैनात, गोफन-लाठी से विरोध की कोशिश

वन भूमि पर चला बुलडोजर, 18 जेसीबी और 2 पोकलेन से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



जिले में शासकीय एवं वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र मधुसूदनगढ़ के बीट बंजला, कक्ष क्रमांक 757 में लगभग 360 बीघा वन भूमि को अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त कराया। अतिक्रमण हटाने के बाद इस क्षेत्र में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं पुनः वन स्थापना का कार्य किया जाएगा। इससे वन क्षेत्र के संरक्षण के साथ पर्यावरण संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा।प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं सुरक्षा बल तैनात रहे। अतिक्रमण हटाने के लिए 18 जेसीबी एवं 2 पोकलेन मशीनों का उपयोग किया गया। कार्रवाई में लगभग 100 वनकर्मी, 35 पुलिसकर्मी तथा 15 प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

पहले 120 बीघा वन भूमि कराई थी मुक्त

वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के तहत इससे पहले 14 जुलाई 2026 को ग्राम सुंदरपुरा, बीट खेरखेड़ा, मधुसूदनगढ़ में 120 बीघा वन भूमि को भी अतिक्रमण से मुक्त कराया गया था। प्रशासन द्वारा वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने का अभियान लगातार जारी है।

वन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्रवाई

कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन तथा एसडीएम राघौगढ़ अमित सोनी के नेतृत्व में वन, पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त समन्वय से यह कार्रवाई की गई। मौके पर उपवन मंडल अधिकारी इंदर सिंह धाकड़, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कमल सिंह कोली, रेंजर मधुसूदनगढ़ धर्मेंद्र शर्मा, रेंजर सौरभ द्विवेदी, हेमंत भार्गव, दीपांकर सिंह, सचिन गुप्ता, प्रेरणा दुबे, थाना प्रभारी जामनेर मनोज मेहरा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

गोफन और लाठी-डंडों से व्यवधान का प्रयास

कार्रवाई के दौरान कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा गोफन, लाठी एवं डंडों के माध्यम से अभियान में व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। हालांकि प्रशासन पहले से ही पूरी तैयारी के साथ मौके पर मौजूद था। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं संयुक्त बल की प्रभावी मौजूदगी के चलते स्थिति नियंत्रण में रही और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रशासन की सख्ती के बाद अतिक्रमणकारी मौके से भाग खड़े हुए।

अतिक्रमण हटाने के बाद होगा पौधरोपण

अतिक्रमण हटाए जाने के बाद वन विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं पुनः वन स्थापना का कार्य किया जाएगा। इससे लंबे समय से अतिक्रमण की चपेट में रहे वन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के साथ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में मदद मिलेगी।

वन एवं शासकीय भूमि पर कब्जा बर्दाश्त नहीं

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय एवं वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं विधि के शासन की स्थापना के लिए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

अग्रवाल महिला महासभा के अग्रोहा मेले में उमड़ा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अग्रवाल महिला महासभा गुना द्वारा होटल नारायणा में सांस्कृतिक एवं शाही अग्रोहा मेले का आयोजन किया गया। मेले में अग्रवाल समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा करीब 60 स्टॉल लगाए गए, जिनमें चाट-पकौड़ी, विभिन्न खाद्य सामग्री, बुटीक, ज्वेलरी, हस्तशिल्प एवं गृह उपयोगी वस्तुओं सहित कई प्रकार के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। समाज के लोगों ने मेले में पहुंचकर जमकर खरीदारी की और विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विवेक गर्ग ने बताया कि मेले का उद्देश्य समाज की महिलाओं, गृहिणियों, हस्तशिल्पकारों एवं छोटे व्यवसायों को अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। मेले में महिलाओं और बच्चों के साथ बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में गुना की पुलिस अधीक्षक हितिका वत्सल पहुंचीं। अग्रवाल महासभा की अध्यक्ष छवि अग्रवाल एवं सचिव योगिता मंगल ने एसपी हितिका वत्सल का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर व्यापार महासंघ के राजेश अग्रवाल, प्रदीप मित्तल, ओमप्रकाश सिंघल, उमंग वाले सहित नवयुवक दल के अध्यक्ष अनिल बिंदल, महामंत्री चंदू अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। अग्रोहा मेले में अग्रोहा धाम एवं राजस्थानी संस्कृति पर आधारित मनमोहक परिवेश तैयार किया गया, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। पारंपरिक वेशभूषा और साज-सज्जा के साथ मेले में शाही अंदाज देखने को मिला। मेले में पारंपरिक तंबोला का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जनसमस्याओं को लेकर एसयूसीआई का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ती महंगाई, निजीकरण और समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



एसयूसीआई की गुना जिला इकाई द्वारा जनसमस्याओं को लेकर हनुमान चौराहा पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और रेलवे जैसे सार्वजनिक उपक्रमों का लगातार निजीकरण कर रही है, जिससे रोजगार के अवसर घट रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि शक्कर, दाल और रिफाइंड तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। बस किराये में बढ़ोतरी, पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट और सौंदर्यकरण के नाम पर गरीबों की झुग्गियों, दुकानों व ठेलों को उजाड़े जाने से आम जनता परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल चुनाव आयोग का असंवैधानिक इस्तेमाल कर एसआईआर जैसी नीतियों से वोटों की हेरफेर कर रहा है, इसलिए मुख्य चुनाव आयुक्त को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम में वृद्धावस्था पेंशन, कुटीर आवास योजना, खराब सडक़ों और गंदगी जैसी स्थानीय समस्याओं को लेकर भी अलग से ज्ञापन दिए गए। प्रदर्शन को पार्टी जिला कमेटी सदस्य विकास बंसल और शुभम राव ने भी संबोधित किया, जबकि मंच संचालन देवेंद्र सेन द्वारा किया गया। अंत में पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य लोकेश शर्मा ने आम जनता की समस्याओं को लेकर आगामी 27 अक्टूबर को राजधानी भोपाल में आयोजित होने वाले विशाल राज्यस्तरीय जनांदोलन में बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत पगारा और बेहटा गांव के बीच गत शाम एक दुखद रेल हादसा सामने आया है। यहां एक 25 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कैंट थाना पुलिस और रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भिजवाया, जहां गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, म्याना तहसील के ग्राम उकावद निवासी 25 वर्षीय बसंत रजक पुत्र महेंद्र रजक पिछले छह-सात महीनों से इंदौर में रहकर काम करता था।

गत शाम करीब 7 बजे जब बसंत की भाभी कृष्णा बाई ने उसे फोन लगाया, तो उसका मोबाइल किसी अनजान व्यक्ति ने उठाया। उस व्यक्ति ने परिजनों को सूचना दी कि बसंत पगारा के आगे पेट्रोल पंप के पास रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कट गया है और उसका शव पगारा-बेहटा के बीच पड़ा हुआ है।

कालिदास समारोह की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कन्या विद्यालय प्रथम

छात्राओं ने अभिनय, वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुति से दिखाई प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कालिदास समारोह के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कैन्ट गुना की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

प्रतियोगिता गुना जिले से कई विद्यालयों में छात्राओं भाग लिया जिसमें कन्या कैन्ट विद्यालय की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, अभिनय, वेशभूषा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से कालिदास की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन को निर्णायक मंडल एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहा गया।विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य संजय कुमार जैन ने मार्गदर्शक शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार ने प्रतिभागी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय मे इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करती हैं।प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

आत्महत्या का मामला: अभिभाषक संघ ने की निष्पक्ष जांच की मांग, प्रधान जिला न्यायाधीश को सौंपा पत्र

गुना। जिला न्यायालय गुना में पदस्थ न्यायालयीन कर्मचारी मनीष बाथम की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई आत्महत्या के मामले में अभिभाषक संघ गुना ने गहरा रोष व्यक्त किया है। अभिभाषक संघ ने इस दुखद घटना की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को ज्ञापन प्रस्तुत किया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 प्रिया शर्मा के न्यायालय में कार्यरत कर्मचारी मनीष बाथम 6 अक्टूबर को ड्यूटी के दौरान संदिग्ध रूप से लापता हो गए थे। इसके बाद 7 अक्टूबर को उनका शव मिलने तथा एक सुसाइड नोट प्राप्त होने की जानकारी सामने आई। इस दुखद घटना पर दुख जताते हुए अभिभाषक संघ ने इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। अभिभाषक संघ ने सुसाइड नोट के तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराने और उचित वैधानिक कार्रवाई कर अवगत कराने की मांग की है।

छात्रों ने ली व्यसन मुक्ति की शपथ, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

गुना। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत पूर्व छात्र परिषद द्वारा चलाए जा रहे समर्थ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत बीनागंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में व्यसन मुक्ति पखवाड़ा के अंतर्गत एक दिवसीय व्याख्यान माला का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से दूर रहकर एक स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व छात्र गगन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यसन के दुष्परिणामों, उससे होने वाली व्यक्तिगत व सामाजिक हानियों तथा युवाओं के भविष्य पर पडऩे वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया। वहीं, व्यसन मुक्ति पखवाड़ा के बीनागंज प्रभारी दिनेश लोधा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवार को प्रभावित करता है।

पेंशनर्स एसोसिएशन ने 70 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन, गुना द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 अक्टूबर 2026 को बजरंगगढ़ किले पर 70 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके एवं उससे अधिक आयु के सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने सहभागिता की। एसोसिएशन के अध्यक्ष ए.आर. खान ने पेंशनर्स से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों पर चर्चा की। उन्होंने वर्तमान में चल रहे 2 प्रतिशत लाभ, ग्रेच्युटी मद से हेल्थ स्कीम सहित अन्य विषयों पर सदस्यों को जानकारी दी तथा संगठन के माध्यम से पेंशनर्स के हित में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। समारोह में 70 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों रमेश चंद शर्मा , यूनुस खान , मांगीलाल डूंगर, बशीर खान एवं खुशदिल , मंजूर अली का शाल, श्रीफल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। जो सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, उनका सम्मान आगामी कार्यक्रम में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन भी किया गया।

रावण के अत्याचार, कुंभकर्ण के निद्रासन और प्रभु श्रीराम के दिव्य अवतार का हुआ भव्य मंचन

80वें रामलीला महोत्सव में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी के तत्वावधान में आयोजित 80वें रामलीला महोत्सव के द्वितीय दिवस धर्म, भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहा। रामलीला मंच पर रावण के अत्याचार, कुंभकर्ण को मिले निद्रासन के वरदान तथा भगवान श्रीराम के दिव्य अवतार की मनोहारी लीला का जीवंत मंचन किया गया। कलाकारों की प्रभावशाली अदाकारी और संवादों ने दर्शकों को देर तक बांधे रखा। मंच पर जैसे-जैसे लीला आगे बढ़ी, वैसे-वैसे पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा। रामलीला के प्रसंग में दिखाया गया कि लंकापति रावण, कुंभकर्ण और विभीषण ने भगवान ब्रह्मा को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या की। उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी प्रकट हुए और तीनों भाइयों को वरदान देने के लिए कहा। इसी दौरान माता सरस्वती के प्रभाव के कारण कुंभकर्ण इंद्रासन के स्थान पर निद्रासन मांग बैठा। ब्रह्मा जी से वरदान प्राप्त होने के बाद कुंभकर्ण के लंबे समय तक सोने का प्रसंग दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा।

इसके बाद मंच पर रावण के बढ़ते अत्याचार और उसके अहंकार का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। रावण ने सोने की लंका पर अपना अधिकार जमाया और शक्ति के मद में तीनों लोकों में आतंक फैलाना शुरू कर दिया। वहीं रावण के पुत्र मेघनाद ने भी देवताओं को परास्त कर उन्हें बंदी बना लिया। रावण और उसकी राक्षस सेना के बढ़ते अत्याचारों से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया।

राम जन्म पर गूंजा पूरा पंडाल

रामलीला के अगले प्रसंग में अयोध्या नगरी में भगवान श्रीराम के जन्म का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया गया। जैसे ही भगवान श्रीराम के साथ लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म का प्रसंग आया, पूरा रामलीला परिसर "जय श्रीराम" के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक जयकारे लगाए और वातावरण भक्तिमय हो गया।चारों राजकुमारों की बाल लीलाओं का मंचन भी बेहद आकर्षक रहा। कलाकारों द्वारा बाल स्वरूप में प्रस्तुत किए गए श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। राम जन्मोत्सव के दौरान श्रद्धालु भक्तिरस में डूबे नजर आए और पूरा वातावरण धार्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

कलाकारों की प्रस्तुति ने बांधा समां

रामलीला के दौरान कलाकारों ने अपने दमदार संवाद, अभिनय और भाव-भंगिमाओं से पात्रों को जीवंत कर दिया।

समाचार संक्षेप

विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता बने पत्रकार गोलू बैरागी



चाचौड़ा। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्धघुमंतु जनजाति महासंघ द्वारा जिला गुना के ग्राम पेंची निवासी भगवान दयाल बैरागी को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके चयन पर समाजजनों एवं संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर भगवान दयाल (गोलू) बैरागी ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समाजजनों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। साथ ही समाज की समस्याओं, अधिकारों और मांगों को प्रभावी ढंग से प्रदेश स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि समाज के लोगों का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। संगठन को मजबूत करने तथा समाज के हित में आवाज बुलंद करने के लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

विद्यार्थियों ने किया एफडीडीआई हरिपुर का औद्योगिक भ्रमण



चांचौड़ा। सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांचौड़ा के प्राचार्य कृष्ण गोपाल मीना के नेतृत्व में विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षा के लगभग सभी विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण के तहत एफडीडीआई हरिपुर, गुना का भ्रमण कराया गया। एफडीडीआई हरिपुर पहुंचने पर संस्थान के प्राध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा, विभिन्न हुनर एवं उनके महत्व के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि आज के समय में केवल नौकरी प्राप्त करना ही लक्ष्य नहीं होना चाहिए, बल्कि अपने हुनर और तकनीकी ज्ञान के माध्यम से स्वयं का स्टार्टअप शुरू कर अन्य लोगों को भी रोजगार देने वाला बना जा सकता है। औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षाओं एवं स्कूली शिक्षा के बाद विद्यार्थियों को सही करियर का चयन करने, उद्योगों की व्यावहारिक कार्यप्रणाली समझने तथा तकनीकी ज्ञान से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि इस अनुभव से उनके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव आया है इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षक महेंद्र यादव, अंकित भार्गव सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

नवरात्रि के लिए सज-धजकर तैयार हो रहीं मां दुर्गा की प्रतिमाएं

आरोन। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर जिलेभर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मां दुर्गा की अगवानी में अब महज चार दिन शेष हैं, ऐसे में मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। जिले में करीब एक हजार से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित किए जाने की तैयारी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक 2 से 12 फीट तक की आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। प्रतिमाओं का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब रंग-रोगन, नयन निर्माण, श्रृंगार एवं फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है। मां दुर्गा के साथ महाकाली सहित विभिन्न स्वरूपों की प्रतिमाएं भी तैयार की जा रही हैं।

प्रवचन: धर्म साधना और सद्कर्म से ही मिलती है जीवन में सच्ची संतुष्टि

जीवन में संतुष्टि नहीं तो सफलता का कोई मूल्य नहीं : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



इस युग के महान संत आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, महान तपस्वी, ओजस्वी वक्ता एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ नगर में चल रही श्रमण धारा प्रवचन माला में मंगलवार को "जीवन में संतुष्टि कैसे आए" विषय पर मंगल प्रवचन दिए।

मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में सफल है, लेकिन यदि वह अपनी सफलता से संतुष्ट नहीं है तो उस सफलता का कोई मूल्य नहीं है। उन्होंने जीवन में सफलता और संतुष्टि के आधार पर मनुष्यों को चार श्रेणियों में विभाजित करते हुए कहा कि पहली श्रेणी में वे लोग आते हैं, जो सफल भी हैं और संतुष्ट भी। इस श्रेणी में आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज आते हैं। आचार्य श्री ने एक बार कहा था कि "मैं अपनी धर्म साधना से सफलता की ओर बढ़ रहा हूं और संतुष्ट भी हूं।" मुनिराज ने कहा कि दिगंबर जैन परंपरा में सुप्रसिद्ध आचार्य कुंदकुंद स्वामी के बाद आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज त्याग और तपस्या के क्षेत्र में सर्वाधिक लोकप्रिय संतों में रहे हैं। उनके जीवन में सफलता के साथ संतुष्टि का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने दूसरी श्रेणी के बारे में बताया कि इसमें वे लोग आते हैं, जो असफल होने के बावजूद संतुष्ट रहते हैं। ऐसे लोगों की सोच होती है कि "जो प्राप्त है, वही पर्याप्त है।" वहीं तीसरी श्रेणी में वे लोग आते हैं, जो असफल भी हैं और असंतुष्ट भी। ऐसे लोग अपने निर्णय पर अडिग नहीं रहते और बार-बार अपने निर्णय बदलते रहते हैं। सफलता पाने के लिए कई बार वे गलत रास्तों का सहारा भी लेते हैं। मुनि श्री ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि अकबर बादशाह के प्रमुख दरबारी बीरबल अत्यंत ज्ञानवान थे और अकबर के दरबार में उनकी सलाह को विशेष महत्व दिया जाता था।

आचार्य श्री कहा करते थे कि "जिंदगी दिमाग से नहीं, किस्मत एवं पुरुषार्थ से चलती है। जिंदगी दिमाग से चलती होती तो बीरबल ही बादशाह होता।" मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने जीवन की चौथी श्रेणी बताते हुए कहा कि इसमें वे लोग आते हैं, जो सफल तो हैं, लेकिन संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि रिलायंस समूह के उपाध्यक्ष रहे प्रताप शाह को कंपनी की ओर से करोड़ों रुपये का पैकेज मिलता था, लेकिन जीवन में संतुष्टि नहीं होने के कारण उन्होंने वह काम छोड़कर दीक्षा का मार्ग अपनाया। मुनि श्री ने कहा कि जीवन में संतुष्टि नहीं है तो सफलता का कोई महत्व नहीं है।

शिविर के प्रतिभागियों का होगा सम्मान

कार्यक्रम संयोजक विकास कुमार जैन ने धर्मसभा में जानकारी देते हुए बताया कि मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में दस लक्षण पर्व के अवसर पर राघौगढ़ में आयोजित श्रमण संस्कार शिविर में राघौगढ़ एवं साडा कॉलोनी की जिन माता-बहनों ने सहभागिता कर धर्म साधना की थी, उनका सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह 11 अक्टूबर, रविवार को प्रातः 9:30 बजे मुनि संघ के पावन सानिध्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष सिंघई अशोक कुमार भारिल्य के नेतृत्व में शिविर में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

दुर्घटना में मृतक के माता पिता को 14 लाख से अधिक का एवार्ड घोषित

चाचौड़ा। बीनागंज निवासी कृष्णपाल राजपूत की 2/1/21 को ब्यावरा रेलवे स्टेशन के पास घूमते हुए मारुति कार शिफ्ट डिजायर mp 07/सीसी/2359 के चालक से टक्कर लगने से कृष्णपाल को गंभीर चोट शरीर में गंभीर चोट आई जिसका इलाज भोपाल में होने पर इलाज के दौरान कृष्णपाल की मृत्यु हो गई जिसका अपराध थाना ब्यावरा में 74/2021 में धारा 304A भा द वि में दर्ज हुआ। आवेदक के माता पिता विजय सिंह राजपूत, शशि राजपूत निवासी बीनागंज ने अपने अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव के माध्यम से धारा 166 मो व्ही एक्ट के तहत क्षतिपूर्ति हेतु प्रार्थना की न्यायालय संदीप कुमार पाटिल के न्यायालय ने दोनों पक्षों की साक्ष्य उपरांत गुण दोषों पर निराकरण करते हुए चौदह लाख से अधिक का क्लेम एवं क्लेम प्रस्तुति दिनांक से छे प्रतिशत ब्याज का एवार्ड घोषित किया।

कांग्रेस ने राहुल-प्रियंका की हिरासत का जताया विरोध, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन द्वारा भारतीय लोकतंत्र के लिए "काला दिवस" के रूप में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। हनुमान दास मंदिर के सामने आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा की आवाज उठाई। प्रदर्शन पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसमें भाग लिया। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों तथा दिल्ली में विपक्षी नेताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया एवं मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। नेताओं ने कहा कि विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की हिरासत का विरोध

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने "ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो" सहित विभिन्न नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में विपक्षी नेताओं के प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य नेताओं को हिरासत में लिए जाने का भी विरोध किया। कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा बताते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला ग्रामीण प्रभारी शिवकुमार उपरिंग ने किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता और विपक्ष की आवाज को दबाने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जा सकता। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस का आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

सेवा ज्योति कलश यात्रा का लाइव प्रसारण किया

आरोन। शासकीय महाविद्यालय आरोन में 7 अक्टूबर 2026 को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा ज्योति कलश यात्रा का लाइव प्रसारण आयोजित किया गया। प्राचार्य सुश्री महाविद्या उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लाइव प्रसारण के माध्यम से विद्यार्थियों ने सेवा ज्योति कलश यात्रा से जुड़ी गतिविधियों को देखा तथा सेवा, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्रहित की भावना से जुड़ने का संदेश प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए सकारात्मक सोच के साथ समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी श्रृंखला में पूर्व में आयोजित सीएम यूथ कॉन्क्लेव के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को युवा शक्ति, व्यक्तित्व विकास, करियर निर्माण एवं भविष्य की संभावनाओं की जानकारी देते हुए अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कृष्ण लीलाओं का मार्मिक वर्णन, भक्ति में झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्भराज

नामदेव धर्मशाला में यजमान डॉ. रामस्वरूप मीणा के सौजन्य से सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रवक्ता पं. मुकेश पारीक के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कथा के दौरान बड़ी संख्या में रसिक श्रोता भगवान की भक्ति में लीन होकर कथा का अमृतपान कर रहे हैं। भजनों और संगीतमयी प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते-नाचते हुए धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं। कहा कि मनुष्य को सदैव धर्म के मार्ग पर चलते हुए भगवान का गुणगान करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने आचरण और चरित्र को उज्ज्वल बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को धर्म, संस्कृति और संस्कारों से जोड़कर संस्कारवान बनाना आज की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, ताकि युवा पीढ़ी भगवान के प्रति समर्पण भाव रखते हुए समाज और देश की सेवा में अपना योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन के प्रत्येक क्षण का सदुपयोग करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए और निरंतर सद्कर्म करते रहना चाहिए। अच्छे कर्मों और धर्म के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।

राजस्व अधिकारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों व स्वामित्व अधिकार अभिलेखों की समीक्षा

अशोकनगर। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। कलेक्टर साकेत मालवीय ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो तथा शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में स्वामित्व योजना के अंतर्गत स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को स्वामित्व अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने तथा उनके पंजीयन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। बैठक के दौरान राजस्व संबंधी अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई तथा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में नियमित रूप से समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवैध कब्जा के प्रकरणों, केन्द्रीय मंत्री द्वारा पिपरई, कचनार, ईसागढ़ में आयोजित जनसुनवाई तथा जनसंपर्क कार्यालय से प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

दिव्यांगजनों के सम्मान, अधिकार और स्वावलंबन के लिए भाजपा प्रतिबद्ध : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ द्वारा गुरुवार को दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, जिला अशोकनगर में दिव्यांगजन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, उनकी समस्याओं का समाधान कराना तथा उन्हें अधिकारों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

कार्यक्रम में दिव्यांगजनों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं को जाना गया तथा संबंधित अधिकारियों के समक्ष उनके समाधान के लिए आवश्यक सुझाव एवं पहल की गई। शिविर में दिव्यांग प्रमाण-पत्र, सहायक उपकरण, दिव्यागजनों को पेंशन, रोजगार, शिक्षा एवं शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर भाजपा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दिव्यांगजनों को 'दिव्यांग' के सम्मानजनक संबोधन से लेकर उनके अधिकारों, सुविधाओं और आत्मनिर्भरता तक अनेक महत्वपूर्ण पहल की हैं। भाजपा का सेवा संकल्प है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन तक पहुंचे।

उन्होने कहा कि दिव्यांगजन समाज पर बोझ नहीं, बल्कि समाज की शक्ति और महत्वपूर्ण भागीदार हैं। उन्हें समान अवसर, सम्मान और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा दिव्यांगजन प्रकोष्ठ प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक दिव्यांगजनों को संगठन से जोड़ने और उनके हितों के लिए निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपस्थित दिव्यांग जनों को कार्यक्रम स्थल पर सहायक उपकरण अतिथियों द्वारा वितिरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धर्मेन्द्र रघुवंशी जिला मंत्री भाजपा,देवेन्द्र तिवारी, अभय कलावत एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी, कर्मचारी, दिव्यांगजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एसयूसीआई ने विरोध प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



एसआईआर को रद्द करने, बढ़ती महंगाई, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के बढ़ते दामों एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी के निजीकरण, स्मार्ट मीटर, बढ़ती नशाखोरी, महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों सहित सरकारों की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एसयूसीआई ने विरोध प्रदर्शन किया।

आयोजित विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मेहनतकश वर्ग की क्रांतिकारी पार्टी के जिला सचिव सचिन जैन ने कहा कि वर्तमान में देश और प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। विज्ञान और तकनीक की अद्वितीय विकास के बावजूद आज आम आदमी का जीवन कठिनाइयों से जूझ रहा है। आमजन आज भयंकर महंगाई बेरोजगारी से जूझ रहा है। पेयजल का जानबूझकर मेंटीनेंस खत्म किया जा रहा है ताकि दूषित पानी के विकल्प के तौर पर कैम्फर वाले आरओ वाटर का धंधा चमक सके। इसी तरह बिजली कम्पनियों के मुनाफे के लिए और आम जनता को लूटने के लिए बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। महंगे बिजली बिलों से लोग बिजली कम्पनी के कर्जदार हो गये हैं। वहीं दूसरी तरफ तमाम सार्वजनिक उपक्रमों जैसे रेलवे, संचार, बीमा, आयुध कारखाने, गेल- भेल आदि में निजी निवेश को मंजूरी देने से न केवल महंगाई बढ़ रही है बल्कि इनमें रोजगार के अवसर घट रहे हैं। प्रदर्शन को पार्टी जिला समिति सदस्य सावन बैरागी और राखी ने भी संबोधित किया। संचालन पार्टी जिला समिति सदस्य देवेंद्र विजौरे ने किया।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया

अशोकनगर। गुरूवार को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तर पर आयोजित दिव्यांगजनो के सशक्तिकरण हेतु जिला स्तरीय शिविर का आयोजन दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र अशोकनगर में किया गया। शिविर में लगभग 460 दिव्यांगजन उपस्थित हुये। उपस्थित दिव्यांगजनो का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। जिसमें 35 दिव्यांगजनो के यूडीआईडी कार्ड बनाये गये, 12 दिव्यांगजनो को ट्रायसाइकिल, 10 दिव्यांगजो को व्हीलचेयर, 06 दिव्यांगजनो वैशाखी, 04 दिव्यांगजनो को वोकर, स्टिक 06, ट्रायपेड 03, कमर पटटा 05, घुटने का पटटा 04, स्मार्ट केन 01, कवोर्ड चेयर 01 आदि उपकरण वितरण किये गये। उपस्थित दिव्यांगजनो को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष अनुरागी द्वारा विधिक जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में माधुरी पटेल उपसंचालक सामाजिक न्याय, धर्मेन्द्र रघुवंशी, रामवीर धाकड सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नगरपालिका तथा विभागीय स्टॉफ उपस्थित रहा।

'जो दूसरों को जानता है वह विद्वान है और जो स्वयं को जानता है वह बुद्धिमान है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि निरंजन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिसके द्वारा जाना जाता है या जानना जिसका मुख्य लक्षण है वह ज्ञान कहलाता है। ज्ञान का प्रयोग किस प्रकार करें, कैसा करना है, किसके लिये करना है, क्यों करना है, कितना करना है आदि प्रश्न उठना एक सामान्य सी बात नहीं।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा चिन्तन है जो आपको आपके ज्ञान के सदुपयोग के विषय में आपकी जागरूकता को दर्शाता है। आज ज्ञान का प्रयोग स्वयं को जानने में ना करके दूसरों को जानने में अत्यधिक किया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति के अन्दर दूसरों को जानने की उत्कंठा इतनी तीव्र रहती है जिसकी पूर्ति के लिये वह हर सीमा को पार करने को भी तैयार रहता है। आचार्यों ने स्पष्ट कहा है जिसने स्वयं को जान लिया है उसने सब कुछ जान लिया है। आज व्यक्ति स्वयं के विषय में तो जानता नहीं और दूसरों के बारे में पूरी-पूरी जानकारी रखता है। ऐसा व्यक्ति स्वयं का बहुत बड़ा शत्रु है। ऐसा ज्ञान व्यक्ति के लिए मात्र अभिशाप ही है। जितने भी महापुरुष इस भारतीय सनातन संस्कृति में आये हैं, उन्होने मात्र स्वयं को जानकर ही अपना और दूसरों का कल्याण किया है। दुनिया में ऐसे विरले ही लोग हैं जो खुद को जान पाते हैं, समझ पाते हैं। जो खुद को जान जाते हैं वे ही खुदा बन जाते हैं। भगवान आदिनाथ जी से लेकर भगवान महावीर स्वामी तक का इतिहास जब हम पढ़ते हैं तो हमें ज्ञात होता है कि किस प्रकार तीर्थंकरों ने भी सबसे पहले स्वयं को जाना और फिर जो आत्मज्ञान हुआ उससे जगत को जानकर जगत के कल्याण हेतु सम्यक उपदेश दिया। दूसरों को जानने से विद्वत्ता आती है और स्वयं को जानने से बुद्धिमत्ता आती है।



संभाग स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष, महिला प्रतियोगिता की गई आयोजित

अशोकनगर। शासकीय विधि महाविद्यालय में संभाग स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष/महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अशोकनगर, गुना एवं शिवपुरी जिले के समस्त महाविद्यालय की पुरुष/महिला टेबल टेनिस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सहयोगी शासकीय नेहरू महा विद्यालय के प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान गुना जिले ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान अशोकनगर जिले ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान गुना जिला एवं द्वितीय स्थान शिवपुरी जिला ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय अग्रणी नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. विजयसिंह एवं शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर की प्रभारी प्राचार्य, डॉ. गरिमा राठौर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता शासकीय विधि महाविद्यालय की क्रीडा अधिकारी सुरभि नामदेव के मार्गदर्शन, ग्रंथपाल उर्मिला यादव के सहयोग एवं शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर के क्रीडा अधिकारी चन्द्रशेखर जाटव एवं शासकीय महाविद्यालय पिपरई की क्रीडा अधिकारी कु.भूरक्षा दुबे के योगदान से सम्पन्न हुई।

अशोकनगर में 4 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव की ध्वजारोहण के साथ शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



श्री अग्रवाल समाज, अशोकनगर द्वारा अग्रवाल पैलेस में महाराजा श्री अग्रसेन का 5150 वे जन्म जयंती समारोह की शुरूआत ध्वजारोहण से की गई, जिसमें समाज जनों ने भाग लिया। इसी के साथ 4 दिनों तक आयोजन होना प्रारम्भ हो गए हैं। ध्वजारोहण समारोह में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, सचिव मनीष बंसल, वरिष्ठ जनों में सुरेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, अनिल बसंल, के साथ महिलाएं भी शामिल थीं।

जन्मोत्सव समारोह 08 से 11 तक मनाया जा रहा है, इसे सफल बनाने में श्री अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बलराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल, सचिव मनीष बंसल, कोषाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल (मुन्नू), और पी.आर.ओ. विकास अग्रवाल (नटराज) एवं वेदप्रकाश गोयल (शिक्षक) प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

साथ ही, अग्रवाल समाज महिला मण्डल की ओर से अध्यक्ष अर्चना बंसल, सचिव पूजा बंसल, कोषाध्यक्ष रश्मि अग्रवाल जयपुरी, उपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल और सह-सचिव अंजना अग्रवाल सहित समाज के सभी संरक्षक एवं कार्यकारिणी सदस्य अपना विशेष योगदान दे रहे हैं। शाम 05.30 बजे से श्री अग्रसेन मेला आयोजित किया गया जिसके बीच में म्यूजिकल तंबोला भी खिलाया गया। 09 एवं 10 अक्टूबर को इन दो दिनों में महिलाओं, बच्चों, बहुओं और सासु मां के लिए विभिन्न मनोरंजक और रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें गेम्स, फैंसी ड्रेस, डांस और क्रिएटिविटी (लिप्पन आर्ट, फोटो फ्रेम, चॉकलेट बुके बनाना आदि) प्रतियोगिताएं शामिल हैं।

खबर संक्षेप

लोन की राशि दिलाए जाने पर की धोखाधड़ी

अशोकनगर। जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पिपरई निवासी अंसार अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आनंद परातें, राहुल परातें, निवासी मिश्रोद भोपाल ने प्रार्थी गणों से बकरी पालन केन्द्र के नाम लोन की राशि दिलाये जाने के लिए कमीशन के नाम से 20 से 25 लाख रूपए नगदी और फोन पे से धोखाधड़ी की। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

फ्रॉड कर 99 हजार रूपए निकाले

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत राहुल पुत्र सुखमाल जैन निवासी सुभाषगंज अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फरियादी की कोलुआ रोड़ पर दुकान है, किसी व्यक्ति द्वारा फरियादी का मोबाइल हैक कर 99 हजार रूपए निकाल कर ऑनलाइन फ्रॉड किया है। जिस पर से पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

जुए के दो अडडों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने अम्बेडकर मोहल्ला में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए दो अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिसमें एक स्थान से पुलिस ने निखिल सिंह अहिरवार,सतेन्द्र यादव और रवि अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी और 1900 रूपए जप्त किए हैं। इसी प्रकार कोतवाली पुलिस ने ही दूसरे अडडे से ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सागर अहिरवार, रविन्द्र अहिरवार, रोहित अहिरवार और दीपक अहिरवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी और 2750 रूपए जप्त किए हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हैदर निवासी कृष्णपाल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा सिंह, सार्थक केसु और विवेक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छीपोन निवासी प्रेमसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भारतसिंह, अर्जुन, जितेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खोकसी निवासी पार्वती बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीतेश, और श्रीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोलाडेम निवासी हीरालाल बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामा बंजारा ने उससे मारपीट की और दांतों से काट लिया। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अचलगढ़ निवासी अक्षय राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी निक्का और बलकार सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

लायंस हेल्पिंग हैंड ने आयोजित किया मधुमेह जांच शिविर



अशोकनगर। लायंस हेल्पिंग हैंड ने लायन संतोष चंदेल कि अध्यक्षता में आयोजित किया मधुमेह जांच शिविर। कार्यक्रम की संयोजक रही चंद्रेश यादव। लायंस क्लब इंटरनेशनल के सेवा सप्ताह के दौरान प्रांत से आए कार्यक्रमों में शामिल मधुमेह जांच शिविर का आयोजन वार्ड नंबर 15 में अन्या पाली क्लिनिक पर डॉ अनुज शर्मा के सानिध्य में किया गया। जिसमें मधुमेह के अलावा बीपी और सामान्य जांच भी की गई ।करीब 57 लोगों ने इसका लाभ उठाया। कार्यक्रम में क्लब उपाध्यक्ष लायन ज्ञानेश्वरी सक्सेना के साथ अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे। डॉक्टर द्वारा क्या क्या परहेज करनी चाहिये एवं कैसी जीवन शैली का अनुसरण करना चाहिए इसकी सलाह मरीजों को दी गई। क्लब सदस्यों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।

पटवारियों ने जिले की सभी तहसीलों में बस्ते जमा कराए

अशोकनगर जिले में 280 पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर अशोकनगर जिले के सभी 280 पटवाली अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिले की सभी तहसीलों में पटवारियों द्वारा बस्ता जमा किए गए, अब तक जिले में तीन पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही हो चुकी है। पटवारी मांग कर रहे हैं कि सेवा समाप्ति निलंबन और अन्य कार्यवाहियों को तत्काल प्रभाव से वापिस लिया जाए।

जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने बताया कि स्वामित्व रजिस्ट्री में निष्पादक की भूमि हटाने को लेकर पटवारी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जब शासन के द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई तब पटवारियों को मजबूरन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेना पड़ा है। जिले भर के 280 पटवारी हड़ताल पर हैं उन्होंने अपने अपने तहसील क्षेत्र में बस्ते जमा करा दिए हैं। जिसके कारण जिले में पटवारी स्तर पर होने वाले कार्य ठप्प पड़ गए हैं। आने वाले दिनों में जिले भर के लोगों को पटवारियों की इस हड़ताल के कारण परेशानियों का सामना करना पडेगा। उन्होंने कहा कि बस्ते जमा करने से पहले शासन एवं प्रशासन को स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया था कि पटवारी साथियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्यवाहियों को तत्काल वापस लिया जाए तथा ऐसी कार्यवाहियों पर रोक लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि ज्ञापन के माध्यम से यह भी स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि पटवारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाहियां जारी रहती हैं, तो प्रदेश का पटवारी संवर्ग ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहने के साथ आगामी कठोर आंदोलनात्मक निर्णय लेने के लिए बाध्य होगा। दुर्भाग्यवश, उक्त चेतावनी एवं संगठन द्वारा बार-बार शासन के संज्ञान में लाई गई समस्याओं के बावजूद प्रदेश के विभिन्न जिलों में पटवारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाहियां जारी हैं। शासन स्तर से इन कार्यवाहियों को तत्काल रोकने एवं पूर्व में की गई कार्यवाहियों को वापस लेने के संबंध में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में प्रदेश के पटवारी संवर्ग में अत्यंत आक्रोश एवं असंतोष व्याप्त है। संगठन के लिए अपने साथियों के विरुद्ध हो रही दंडात्मक कार्यवाहियों को स्वीकार करते हुए कार्य करना संभव नहीं है। जिसे लेकर पटवारी अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

जिले में तीन पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही

जिले में अब तक तीन पटवारियों पर निलंबन की कार्यवाही की जा चुकी है, अशोकनगर में बामौरीताल के पटवारी अरबिंद रघुवंशी पर निलंबन की कार्यवाही की गई है, ईसागढ तहसील में गणेशखेडा के पटवारी प्रेबवती बैंगा पर निलंबन की कार्यवाही हुई है और मुंगावली में बामौरी खुटिया के पटवारी किशोरी खेस को निलंबित किया गया है।

ग्राम बामोरीताल हल्का के पटवारी निलंबित

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग अशोकनगर इसरार खान द्वारा अरविंद रघुवंशी पटवारी प.ह.न. 25 बामोरीताल तहसील शाढौरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार तहसील शाढौरा नियत किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम सेमरीलोहाबाद नक्शाविहीन ग्राम होने से उक्त ग्राम का नक्शा सेटेलाइट इमेज आधारित नक्शे तैयार कर स्थल सत्यापन कार्य समय सीमा में न किये जाने एव कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाये जाने से कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब संतोषजनक एवं समाधानकारक नहीं पाए जाने पर यह कार्यवाही की गई।

पटवारी ग्राम बामोरीखुटिया निलंबित

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग मुंगावली बृज विहारीलाल श्रीवास्तव द्वारा किशोरी खेस, पटवारी ग्राम बामोरीखुटिया, तहसील मुंगावली को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग मुंगावली रहेगा। उल्लेखनीय है कि पटवारी किशोरी खेस द्वारा तहसीलदार तहसील मुंगावली के न्यायालय के माध्यम से न्यायालय मुंगावली के जाँच प्रतिवेदन हेतु प्रेषित ग्राम बामोरी खुटियां स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 233 रकवा 0.124 हे0 में से 1/4 यानि रकवा 0.031 हे0 एवं सर्वे क्रमांक 190 रकवा 1.588 हे0 में से 1/4 यानि रकवा 0.397 हे0 भूमि दुरुस्ती प्रकरण में बार बार पत्र जारी किये जाने के उपरांत भी अभय किशोरी खेस, पटवारी ग्राम बामोरी खुटिया, तहसील मुंगावली द्वारा पटवारी जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किये जाने से कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया। जिसके कारण यह कार्यवाही की गई।

गणेशखेड़ा पटवारी निलंबित

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ द्वारा प्रेमवती बैगा, हल्का पटवारी गणेशखेड़ा, तहसील ईसागढ़ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि तहसीलदार, तहसील ईसागढ़ द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि प्रेमवती बैगा, हल्का पटवारी गणेशखेड़ा, तहसील ईसागढ़ 26 जून 2026 से 15 सितम्बर 2026 तक कुल 82 दिवस बिना किसी पूर्व सूचना एवं सक्षम अधिकारी की अनुमति के अपने पदीय कर्तव्यों से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रही हैं। उक्त अवधि में न तो कार्यालय में विधिवत अवकाश आवेदन प्रस्तुत कर अवकाश स्वीकृत कराया गया और न ही अपनी अनुपस्थिति के संबंध में कार्यालय को कोई पूर्व सूचना दी गई। तहसीलदार तहसील ईसागढ़ द्वारा प्रेमवती बैगा के उक्त कृत्य की गंभीरता एवं लगातार 82 दिवस की अनाधिकृत अनुपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित किया जाकर निलंबन की कार्यवाही की गई।

पिपरई में पटवारियों ने शुरू की बस्ता बंद हड़ताल



पिपरई। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर पटवारियों ने 8 अक्टूबर से संपूर्ण बस्ता बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मप्र पटवारी संघ तहसील पिपरई की ओर से तहसीलदार को पत्र सौंपकर शासन के समक्ष अपनी मांगें रखी गाई हैं।संघ ने पत्र में बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में पटवारियों के विरुद्ध सेवा समाप्ति, निलंबन सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई जारी है। पूर्व में शासन-प्रशासन को ज्ञापन देकर इन कार्रवाइयों को तत्काल रोकने और पूर्व में की गई कार्रवाई वापस लेने की मांग की गई थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से पटवारी संवर्ग में असंतोष व्याप्त है। संघ के अनुसार हड़ताल के दौरान पटवारी अपने शासकीय बस्ते से संबंधित राजस्व कार्यों का निष्पादन नहीं करेंगे। संगठन ने पटवारियों के विरुद्ध की गई सेवा समाप्ति व निलंबन सहित सभी दंडात्मक कार्रवाइयां वापस लेने, चल रही कार्रवाइयों पर रोक लगाने, स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन- 2026 में पटवारियों को निष्पादक से हटाने तथा शासन और संगठन के बीच संवाद स्थापित कर गतिरोध समाप्त करने की मांग की है। मप्र पटवारी संघ तहसील पिपरई की ओर से बबीता रघुवंशी (एडवोकेट) ने कहा कि पटवारी संवर्ग संवाद और समाधान के पक्ष में है, लेकिन लगातार हो रही दंडात्मक कार्रवाइयों के बीच कार्य करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर गतिरोध समाप्त किया जाए।

मक्का के भाव को लेकर किसानों में नाराजगी

चंदेरी। मंडी में मक्का के भाव को लेकर किसानों में नाराजगी देखने को मिल रही है। कुछ किसानों का कहना है कि उनकी मक्का समर्थन मूल्य से काफी कम कीमत पर खरीदी जा रही है। किसानों ने व्यापारियों और मंडी समिति के कर्मचारियों पर मिलीभगत के आरोप लगाते हुए उचित जांच और कार्रवाई की मांग की है। किसानों के मुताबिक, वर्तमान भाव में उन्हें अपनी उपज की लागत निकालने में परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि मक्का उत्पादन में बीज, खाद, दवा, सिंचाई और मजदूरी पर खर्च होने के बाद यदि उपज कम कीमत पर बिकती है तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों ने मांग की है कि मंडी में मक्का की खरीद प्रक्रिया पारदर्शी हो और उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिले। वहीं, मंडी प्रबंधन ने किसानों की शिकायत पर अलग पक्ष सामने रखा है। मंडी के प्रभारी सचिव राजेश शर्मा के अनुसार, मक्का के भाव उसकी गुणवत्ता और नमी के आधार पर निर्धारित हो रहे हैं। सूखी और उच्च गुणवत्ता वाली मक्का समर्थन मूल्य पर अथवा उससे अधिक कीमत पर बिक रही है। इसके विपरीत गीली और कम गुणवत्ता वाली मक्का के दाम कम मिल रहे हैं। मंडी प्रबंधन के अनुसार, वर्तमान में कई किसान ऐसी मक्का लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, जिसमें नमी अधिक है। ऐसी मक्का को सुखाने के बाद उसके वजन में करीब 30 से 40 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। व्यापारियों द्वारा खरीद मूल्य तय करते समय इसी संभावित वजन में कमी और सुखाने की प्रक्रिया को ध्यान में रखा जाता है। इसी कारण गीली मक्का के लिए अपेक्षाकृत कम भाव लगाए जा रहे हैं। मंडी प्रबंधन का कहना है कि किसान यदि मक्का को पर्याप्त रूप से सुखाकर, साफ करके और निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप मंडी में लाते हैं तो उन्हें बेहतर भाव मिल सकता है।

15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जूट प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की ओर बढ़ेंगी छात्राएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अशोकनगर के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत 15 दिवसीय 60 घंटे के विषय-जूट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2026 तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों में जूट से उपयोगी एवं आकर्षक उत्पाद तैयार करने का कौशल विकसित कर उन्हें आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करना है।

प्रशिक्षण में थैला, फाइल तथा साज-सज्जा सामग्री सहित जूट से निर्मित विभिन्न उपयोगी वस्तुओं के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम में नाहिद नकवी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी प्रशिक्षण से प्रतिभागियों को जूट उत्पाद निर्माण की तकनीक,रचनात्मकता तथा उसके व्यावसायिक उपयोग की जानकारी प्राप्त होगी। नाहिद नकवी ने प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी हुनर को केवल सीखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ स्वरोजगार में परिवर्तित करना ही वास्तविक सफलता है। कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. योग्यता भार्गव ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार के पारंपरिक अवसरों के साथ-साथ कौशल-आधारित स्वरोजगार अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल हस्तकौशल प्रदान करना नहीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, सृजनात्मकता, उद्यमशीलता और आत्मनिर्भर बनने की भावना विकसित करना भी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ कौशल से जोड़ते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम में गौरव अंजन का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ. दीक्षा भट्ट,डॉ. राजकुमार जाट,डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. हिमांशी गंगवार, अर्चना, रश्मि, गंगीता सहित महाविद्यालय परिवार का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत रैली निकाली

शाढौरा। गुरुवार को पीएम से नशा मुक्ति अभियान रैली पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल शाढ़ौरा द्वारा निकाली गई जो विद्यालय से बस स्टैंड होकर कटरा बाजार होते हुए बस स्टैंड पहुंची। बच्चों ने विभिन्न नारे लगाते हुए एवं तख्तियां हाथों में लेकर अनेक संदेश नशा मुक्ति जागरण हेतु दिए। बस स्टैण्ड पर ही विद्यालय के शिक्षक हरिओम शर्मा के मार्गदर्शन में एक 10 मिनट का नुक्कड़ नाटक का मंचन पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल शाढ़ौरा के 20 बच्चों द्वारा किया गया। इस दौरान थाना शाढ़ौरा के स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। उपस्थित जनसमूह ने बच्चों का उत्साहबर्धन कर प्रशंसा की। अंत में सभी का आभार विद्यालय के प्राचार्य रामबली सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया।

जिला पंचायत के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा कर दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिला पंचायत अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति, पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों तथा निर्माण कार्यों से संबंधित विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यवार प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि स्वीकृत निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा कार्यों की नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर निगरानी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में जिला पंचायत अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अपूर्ण एवं लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने तथा जिन कार्यों में किसी कारणवश विलंब हो रहा है, उनमें संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों को समय- सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ आमजन को समय पर प्राप्त हो सके।

बैठक में कलेक्टर ने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026' योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कियोस्क सेंटर एवं सीएससी सेंटर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी तथा समग्र ई-केवायसी कराये जाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान ई-केवायसी कराये जाने के संबंध में पावर प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान स्वामित्व योजनान्तर्गत पंजीयन कराये जाने के संबंध में भूमि स्वामी को आधार कार्ड एवं संबंधित अभिलेख लेकर ग्राम पंचायत भवन में जाकर ई-केवायसी करा सकते है।

अतिक्रमण व भूमि विवाद निपटाने मौके पर पहुंचा प्रशासन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पलका टोरी औद्योगिक क्षेत्र में कई भूखंडों पर उद्योग स्थापित करने के लिए निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं, कुछ भूखंडों पर अतिक्रमण और आदिवासी भूमि होने के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ है। इस समस्या के निराकरण के लिए पलका टोरी औद्योगिक क्षेत्र में तहसीलदार संतोष धाकड़ अपने राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे। उनके साथ सांसद प्रतिनिधि व लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष संजीव जैन भारिल, सचिव विकास रघुवंशी और उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सत्येंद्र लोधा भी मौजूद रहे। मौके पर तहसीलदार संतोष धाकड़ द्वारा कब्जाधारियों को कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए, जिस पर कब्जाधारियों ने घर बनाने के लिए वैकल्पिक जमीन की मांग रखी। बाबूलाल आदिवासी की जमीन के कुछ भूखंडों के बीच से निकलने के मामले को लेकर भी तहसीलदार संतोष धाकड़ और उद्योग विभाग के महाप्रबंधक सत्येंद्र लोधा के बीच पुराने राजस्व रिकॉर्ड को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।



पुलिसकर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए एसपी ने लगाया दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिसकर्मियों की समस्याओं के समाधान के लिए एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने दरबार लगाया और समस्याए सुनी। पूर्व में प्रचलित 'पुलिस दरबार' व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, सहभागी एवं समाधान-केंद्रित स्वरूप प्रदान करते हुए इसे 'पुलिस कल्याण सम्मेलन' का रूप दिया गया है। सम्मेलन का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना नहीं, बल्कि संबंधित शाखाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराकर यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना रहा।

सम्मेलन स्थल पर पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां संबंधित शाखा प्रभारियों एवं कर्मचारियों ने अधिकारी-कर्मचारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आवश्यक अभिलेखों एवं प्रकरणों की जानकारी लेकर नियमानुसार कार्यवाही की। सम्मेलन में स्थानांतरण, वेतन, समयमान वेतनमान, मेडिकल बिल, इंक्रीमेंट, शासकीय आवास, पेंशन एवं अन्य सेवा संबंधी प्रकरणों सहित व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याएं सामने आईं। संबंधित शाखा प्रभारियों को इनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साइबर हेल्प डेस्क के लिए कंप्यूटर सिस्टम एवं चीता मोबाइल-2 को नवीन वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। पड़रिया पुलिस लाइन में पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण झूलों की समस्या के निराकरण हेतु नवीन झूले लगाने के निर्देश दिए गए।

पुलिस लाइन के आवासीय परिसर से भारी वाहनों के आवागमन की समस्या के समाधान हेतु यातायात प्रभारी को भारी वाहनों का रूट परिवर्तित कर बासापुर रोड पुलिया की ओर निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए खेल गतिविधियों एवं खेल आयोजनों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। पुलिस कल्याण सम्मेलन इसी सोच को व्यवहार में परिणत करने की पहल है, जिसमें पुलिसकर्मी की समस्या केवल सुनी नहीं जाती, बल्कि उसके समाधान की दिशा में उसी मंच पर ठोस कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाती है।

शिक्षा व्यवस्था के मुद्दों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, अशोकनगर का घेराव किया। जिले की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषय लंबे समय से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। सरकारी विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की कमी, विद्यालय भवनों की जर्जर एवं खराब स्थिति, विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े प्रश्न तथा शिक्षा व्यवस्था से संबंधित अन्य समस्याओं को लेकर इस कार्यक्रम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया।

खास बातें

- जर्जर एवं क्षतिग्रस्त सरकारी स्कूल भवनों की समस्या
- विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव
- विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित/बेहतर शैक्षणिक वातावरण की मांग
- सरकारी स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्थाओं का समाधान
- विद्यार्थियों से जुड़े शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मुद्दे
- विद्यालयों में आवश्यक संसाधनों एवं सुविधाओं की उपलब्धता
- शिक्षा व्यवस्था को बेहतर एवं जवाबदेह बनाने की मांग
- विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण

विपक्षी नेताओं पर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मजबूत व स्वतंत्र विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण, लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध की आवाज दबाना अस्वीकार्यः कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मजबूत एवं स्वतंत्र विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सरकार की नीतियों और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े गंभीर विषयों पर सवाल उठाना तथा जनता की आवाज को लोकतांत्रिक तरीके से उठाना विपक्ष का संवैधानिक दायित्व है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ द्वारा दिल्ली में विपक्षी नेताओं के शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन के दौरान की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम जिला प्रशासन राजगढ़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 6 एवं 7 अक्टूबर 2026 को दिल्ली में निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संबंध में विपक्षी नेताओं द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अनेक विपक्षी नेताओं एवं सांसदों को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति की आवाज को सुना जाना चाहिए, दबाया नहीं जाना चाहिए।

शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों का लोकतांत्रिक अधिकार है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के विरुद्ध की जाने वाली किसी भी कार्रवाई में निर्धारित कानून एवं प्रक्रिया का पूरी तरह पालन होना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र संवाद, असहमति, संवैधानिक अधिकारों और संस्थागत जवाबदेही की मजबूत नींव



पर खड़ा है। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सवालों पर विपक्ष की आपत्तियों और मांगों को गंभीरता से सुना जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए आवश्यक है।कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि लोकतंत्र में सवाल पूछना अपराध नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है। शांतिपूर्ण विरोध की आवाज को पुलिस कार्रवाई से दबाने के बजाय संवैधानिक संवाद के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के संगठन महासचिव श्री राधेश्याम सोमेतिया सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें

- 1. दिल्ली में हुई उक्त घटना का निष्पक्ष संज्ञान लेकर संबंधित तथ्यों की समीक्षा की जाए।
- 2. विरोध-प्रदर्शन के दौरान विपक्षी नेताओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ हुई पुलिस कार्रवाई की वैधानिकता एवं प्रक्रिया की समीक्षा की जाए।
- 3. शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक विरोध-प्रदर्शन के अधिकार तथा कानून-व्यवस्था के बीच संतुलन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं।
- 4. यदि किसी स्तर पर निर्धारित कानून एवं प्रक्रिया का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित अधिकारियोंध्व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।
- 5. संवैधानिक संस्थाओं एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का विश्वास बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

युवा संवाद कार्यक्रम संपन्न

हम सभी का देश के प्रति दायित्व क्या है, इसको हमें समझना चाहिएः राय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



संस्कृत भारती का युवा संवाद कार्यक्रम गत दिवस नेताजी सुभाषचंद्र बोस महाविद्यालय ब्यावरा में संपन्न हुआ। जहा संस्कृत भारती के अखिलभारतीय अधिकारी पत्राचार प्रमुख डॉ. संजीव राय द्वारा महाविद्यालय में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों से सवाद किया। उन्होने संस्कृत भाषा में विद्यार्थियों को बताया कि हम सभी का देशके प्रति दायित्व क्या है, इसको हमे समझना चाहिए। हम किस प्रकार देश के अच्छे नागरिक बन सकते हैं, हम संस्कृत को किस प्रकार जन भाषा बना सकते हैं, हम सभी की देश के विकास में क्या भागीदारी हो सकती है, हम सनातन संस्कृति को मानने वाले लोग हैं हमे अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए सहित अनेक सवालों पर कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उक्त सभी सवालों के जवाब भी छात्रों ने डॉ. राय से जाना। जहा उन्होने सभी के जवाब देते हुए विद्यार्थियों को एक नई उर्जा प्रदान की। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि कॉलेज प्राचार्य आर.के.गुप्ता, संस्कृत भारती की प्रान्त संगठनमंत्री डॉ. जागेष्वर पटले, महा.वि.कार्य प्रमुख जिला अध्यक्ष मोहन नागर सारंगपुर, विभाग संयोजन नरवर पंवार,जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण बैरागी, संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी राघवेंद्र तिवारी, सेवा निवृत षिक्षक डी.आर. यादव, बापूलाल सुमन, सत्यनारायण यादव, कमल यादव, जिला मंत्री बहादुर सिंह चैहान,जिला सहमंत्री दिलीप तोमर, नारायण पंवार, राजनारायण ओझा, सालाग्राम चैहान, घनश्याम मालवीय, अरविन्द चैहान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।साथ ही युवा युवा संवाद कार्यक्रम के बाद आरएसएस कार्यालय पर संस्कृत भारती के सभी दायित्वान कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. राय ने गोष्ठी आयोजित की। जिसमें राजगढ़ जिले में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने सहित अन्य बिंदूओं पर चर्चा की गई। गोष्ठी में राजगढ़ जिले के साथ सीहोर जिले के कार्यकर्ता भी सम्मलित हुए।

वोट बचाओ मार्च निकालने के बाद कांग्रेस ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह खींची के मार्गदर्शन में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के आह्वान के साथ "वोट बचाओ, देश बचाओ" मार्च निकाला। मार्च की शुरुआत आशा भवन से हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंचा। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव



आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) जय सोलंकी को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सारंगपुर के अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी द्वारा दिए गए ज्ञापन में नगर की पैथोलॉजी लैबों पर हाल ही में हुई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा गया कि इससे आमजन एवं मरीजों को जांच कराने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को आवश्यक जांच के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने जनहित एवं मरीजों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए पैथोलॉजी लैबों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें पुनः संचालित करवाने की पहल करने का आग्रह किया, ताकि आमजन को हो रही परेशानी कम हो सके। मार्च एवं ज्ञापन के दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय,शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सदानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीएसएनएल द्वारा क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइनों का जल निगम ने कराया निरीक्षण, नियमानुसार की कार्रवाई

जल निगम की पेयजल पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में बीएसएनएल द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्य के दौरान जल निगम की पेयजल पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसी क्रम में बांकपुरा-कुशलपुरा पेयजल योजना अंतर्गत एचडीपीई- 160 एवं एचडीपीई-90 एमएम पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से राजपुरा, बख्तियारपुरा एवं रलायती गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई।पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही महाप्रबंधक जल निगम श्री चैधरी के निर्देश पर डीटीएल श्री जयदीप



सिंह एवं सहायक अभियंता श्री योगेंद्र सिंह तोमर द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत बीएसएनएल के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। महाप्रबंधक जल निगम श्री चैधरी द्वारा पूर्व में भी बीएसएनएल द्वारा पाइपलाइन क्षतिग्रस्त किए जाने के मामलों में भोपाल स्तर पर पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई कराई गई है। जल निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा पाइपलाइनों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई निरंतर की जा रही है।

जिला प्रशासन ने व्यवस्था विकसित की, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सम्मानजनक विदाई पर उन्हें सौंपे गए पेंशन पीपीओ

जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने एक प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन पीपीओ उपलब्ध कराया जा रहा है।

यह व्यवस्था जिले में सुशासन और मानवीय प्रशासन की एक मिसाल बनकर उभर रही है। माह सितम्बर 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय कर्मचारी अधिकारी में अब्दूल कुद्दूस गोरी,बाबुलाल रावतीया विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जीरापुर, अर्जुनसिंह पाटोदिया, मनोहरसिंह सेंगर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नरसिंहगढ़, चर्तुभूज मालवीय विकासखण्ड



शिक्षा अधिकारी खिलचीपुर, कांती सोनारे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्यावरा, मांगीलाल शर्मा, कैलाशनारायण वर्मा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजगढ़, उमरावसिंह लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राजगढ़, शिवप्रसाद यादव जनपद पंचायत ब्यावरा, श्रीलाल उद्यान विभाग राजगढ़, रमेशचन्द्र वर्मा, प्रेमसिंह खिंची, चुन्नीलाल बाथम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी राजगढ़, रमेश चन्द्र शर्मा वनमण्डल राजगढ़, भारत भूषण नामदेव सिविल सर्जन राजगढ़, नाथू करकेटा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजगढ़, रजनीकांत उपाध्याय जिला उद्योग केन्द्र राजगढ़, गिरजा शर्मा, धापु व्यास, प्रताप सिंह एवं बृजमोहन शर्मा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़, मधुरालाल पाटीदार एवं सुरेश नागर बीईओ जीरापुर, आशा शर्मा, हरिसिंह एवं रामचरण दांगी बीईओ खिलचीपुर तथा श्रीमती मथुलिका शर्मा बीईओ राजगढ़ सेवानिवृत्त हुए। जिन्हे माला, शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह एवं पीपीओ का वितरण कर उनका सम्मान किया गया।

27 वर्षों तक भैंसवा माताजी में शिक्षा दी वाले शिक्षक ने

विद्यालय में लंच के दौरान तबीयत बिगड़ी, शिक्षक संजय शर्मा का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



रसमीपस्थ ग्राम भैंसवा माताजी में शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले शिक्षक संजय शर्मा का गुरुवार को विद्यालय में आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से स्कूल परिवार सहित क्षेत्र में शोक की लहर छा गई।

साथी शिक्षकों के अनुसार, शिक्षक संजय शर्मा रोज की तरह निर्धारित समय पर विद्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बच्चों को दो कालखंड पढ़ाए। इसके बाद लंच के दौरान अचानक उनके सीने में तेज दर्द हुआ और वे बेहोश होकर गिर पड़े। साथी शिक्षकों ने तत्काल उन्हें संभाला, लेकिन उनका निधन हो गया। मूलतः ग्राम सांडावता निवासी संजय शर्मा ने भैंसवा माताजी में करीब 27 वर्षों तक बच्चों को शिक्षा प्रदान की। अपने सौम्य व्यवहार, बुद्धि और शिक्षण कौशल के कारण वे विद्यार्थियों और ग्रामीणों के बीच विशेष रूप से लोकप्रिय थे।

उन्होंने अपने सेवाकाल में कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर बच्चों को शिक्षा देने को अपना लक्ष्य बनाए रखा। शिक्षक संजय शर्मा के आकस्मिक निधन से विद्यार्थियों, साथी शिक्षकों, ग्रामीणों और परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है। उनके पैतृक गांव में गमगीन माहौल के बीच बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। स्कूल परिवार एवं ग्रामीणों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए योगदान को याद किया।

कलसुठालिया ग्रिड पर होगा बड़ा मेंटेनेंस, 4 सब-स्टेशनों की 5 घंटे बंद रहेगी बिजली

सुठालिया। क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं के लिए जरूरी सूचना। विद्युत विभाग द्वारा 132 केवी चैकी सुठालिया ग्रिड पर डबल सर्किट लाइन के लिए फ्लाईओवर जंपरिंग का अति-आवश्यक तकनीकी कार्य कराया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी प्रित्येश ठाकरे ने बताया कि यह कार्य 10 अक्टूबर शुक्रवार को किया जाएगा।

इन क्षेत्रों में रहेगी लाइट बंद

तकनीकी कार्य के चलते 33 केवी के 'कानेड़, सुठालिया, हसरोद और सेमलापार' सब-स्टेशनों की विद्युत आपूर्ति 'सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक' पूरी तरह से बंद रहेगी।श्री ठाकरे ने बताया कि आम जनता को असुविधा न हो, इसके लिए विभाग द्वारा कार्य को तय समय में पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे पानी भरने व अन्य जरूरी विद्युत कार्य पहले ही निपटा लें। निर्धारित समय के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

भर्ती कैंप का आयोजन नगर परिषद छापीहेड़ा में किया गया

सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप में 16 युवाओं ने लिया भाग, 6 का चयन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप का आयोजन गुरूवार को नगर परिषद छापीहेड़ा में किया गया।

जिसमें गांवों से 16 युवाओं ने भाग लिया। शारीरिक मापदंड के अनुसार भर्ती अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार ने 06 युवाओं का चयन किया। जिला रोजगार अधिकारी राजेंद्र सोनगरा ने बताया अगले भर्ती कैंप का आयोजन 09 अक्टूबर, 2026 को जनपद पंचायत खिलचीपुर में किया जाएगा।

थाने से मंदिर तक जगमगाएगा मार्ग, उद्यान व मंदिर के नक्शे का होगा अनावरण

नवरात्र में आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा वैष्णो देवी मंदिर जबलपुर थीम का पंडाल व चलित लाइटिंग बनेगी आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शारदीय नवरात्र में एबी रोड स्थित मां मंशापूर्ण वैष्णो देवी मंदिर इस बार आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा। मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजनों के साथ विशेष सजावट और विद्युत व्यवस्था की जा रही है। जबलपुर की थीम पर तैयार किया जा रहा भव्य पंडाल और थाने के मंदिर तक चलित लाइटिंग और आकर्षक विद्युत सज्जा नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण रहेगी।

नवरात्र महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में तैयार किए गए उद्यान का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही मंदिर के प्रस्तावित नक्शे का अनावरण भी होगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष कमल खस ने बताया कि नवरात्र महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पूरे नौ दिनों तक मंदिर में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। शाम के समय मंदिर परिसर के साथ थाने से वैष्णो देवी मंदिर तक के मार्ग को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। चलित लाइटिंग के कारण मार्ग पर



अलग.अलग तरह की रोशनी और सजावट श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी।

11 अक्टूबर से शुरू होंगे आयोजन

नवरात्र की शुरुआत 11 अक्टूबर को घटस्थापना के साथ होगी। पहले दिन सुबह 4 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके बाद सुबह 8.30 बजे श्रीरामायण पाठ का शुभारंभ होगा। शाम को विशेष गरबा आयोजन रखा गया है। नौ दिनों तक सुबह.शाम आरती होगी और आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की जाएगी।20 अक्टूबर को श्रीरामायण पाठ का समापन होगा। इस अवसर पर पूर्णाहुति के बाद शाम को महाआरती आयोजित की जाएगी। वहीं 25 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक कन्या पाद पूजन और विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा।

एसडीएम ने दिए निर्देश डीजे संचालकों को अनुमति लेना अनिवार्य झांकी के पंडाल में बनने वाले स्टेज की पीडब्ल्यूडी करेगा जांच

झांकी समिति और डीजे संचालकों के साथ शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आगामी त्योहारों और चुनरी यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरूवार को स्थानीय सिटी पुलिस थाने ब्यावरा में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रशासनिक अधिकारियों जन प्रतिनिधियों और झांकी समितियों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में त्योहारों के आयोजन को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। डीजे संचालकों के लिए कड़े नियम 55 डीबी की सीमा और भरना होगा बाउंड बैठक में एसडीएम गोविंद दुबे ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि सभी डीजे संचालकों को कार्यक्रम से पहले एसडीएम कार्यालय से विधिवत अनुमति परमिशन लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के डीजे बजाने पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा। इसके साथ ही डीजे साउंड की अधिकतम आवाज 55 डीबी ही निर्धारित की गई है। नियम पालन और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी डीजे संचालकों से अनिवार्य रूप से बाउंड भरवाया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

17 को निकालेंगे 121 मीटर लंबी चुनरी यात्रा

बैठक में आगामी 17 तारीख को निकलने वाली भव्य और ऐतिहासिक 121 मीटर लंबी चुनरी यात्रा की तैयारियों पर विशेष चर्चा हुई। इस आयोजन को सुचारू और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर सहमति बनी। झांकियों के लिए समय-सीमा और एक ही दिन विसर्जन का फैसला विसर्जन का दिन नगर की सभी धार्मिक झांकियां एक ही दिन एक साथ निकाली जाएंगी। समय-सीमा ध्वनि और रात्रि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी झांकियों को रात 11.30 बजे तक पूर्णत बंद करने का समय तय किया गया है। बैठक में अधिकारी और गणमान्य नागरिक रहे उपस्थित बैठक में प्रशासनिक अमले के साथ शहर के गणमान्य नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान बैठक पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, ब्यावरा सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चैहान, देहात थाना प्रभारी प्रवीणजाट, सीएमओ इकरार अहमद सहित नगर के सभी जनप्रतिनिधि शांति समिति और झांकी समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।